卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 162 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦21 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बदायूं काण्ड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

### बरेली में नाटकीय ढंग से हुई गिरफ्तारी, खुद को बता रहा बेकसूर

बरेली (उद ब्यूरो)। बदायूं जिले में मंगलवार शाम दो बच्चों निर्मम हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने दूसरे हत्यारोपी को नाटकीय घटनाक्रम के बाद बरेली से गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे बदायूं ले गई है। जावेद पर 25 हजार रुपये का इनाम था। बता दें कि बदायूं जिले में मंगलवार की शाम को मंडी समिति पुलिस चौकी से 500 मीटर दूर स्थित बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद ठाकुर के दो बेटों 13 वर्षीय आयुष और 6 वर्षीय अहान की चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। ठेकेदार के मकान के सामने हेयर सैलून चलाने वाले साजिद ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम



दिया था। घटना के वक्त साजिद का भाई जावेद भी उसके साथ था। वारदात के तीन घंटे के बाद पुलिस ने मौके से करीब दो किमी दूर घेराबंदी कर आरोपी साजिद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था, जबकि जावेद घटना के बाद से ही फरार था। बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया आरोपी जावेद को बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया है। जावेद वहां की बारादरी पुलिस चौकी में खुद को सरेंडर करने पहुंचा था इसके बाद वीडियो भी जारी किया। वीडियो में एक युवक ऑटो में बैठा दिखाई दे रहा है। वह अपना नाम जावेद बता रहा है। वह कहता है कि उसने कुछ नहीं किया है। (शेष पृष्ठ सता पर)

## दुकान में आग से लाखों की क्षति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला भदईपुरा में मध्य रात्रि शार्ट सर्किट से इलैक्ट्रोनिक शॉप में लगी आग से दुकान में रखा लाखों रूपये कीमत का सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार भदईपुरा वार्ड 4 निवासी सुरेन्द्र श्रीवास्तव की घर के समीप ही बांके बिहारी इलैक्ट्रोनिक्स नाम से दुकान है। गत रात्रि वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर गया था। मध्य रात्रि पड़ोस के लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा तो उन्होंने इसकी सूचना तुरंत सुरेन्द्र को दी। सूचना मिलते ही सुरेन्द्र परिजनों के साथ दुकान पर पहुंचा। उसने किसी तरह शटर उठाया तो भीतर आग की लपटें उठ रही थीं। आनन फानन में आग बुझाने के प्रयास के साथ ही दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी सुरेन्द्र का कहना है कि आग संभवत: शार्ट सर्किट से लगी है। आग की इस घटना में दुकान में रखे 30 एलईडी, 15 (शेष पृष्ठ सता पर)



**आवश्यकता है**

रियल स्टेट में कार्य का अनुभव रखने वाली कुशल युवती की आवश्यकता है, जिसे हिंदी व अंग्रेजी भाषा के साथ टेली मार्केटिंग एवं रिसेप्शनिस्ट का भी अनुभव हो।

क्रिस्टल वैली टाउनशिप प्रोजेक्ट एम्बियंस बैंकट के सामने काशीपुर रोड, रूद्रपुर

इंटरव्यू के लिए श्री कमल गर्ग (98887 84292) से साईट पर जाकर बायोडाटा के साथ संपर्क करें।
समय-11:00 am to 5:00 pm

## कार की टक्कर से बाईक सवार की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं बिलासपुर थाना क्षेत्रांतर्गत बाईपास रोड़ पर कार की टक्कर से बाईक सवार युवक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम गोकुल नगरी बिलासपुर निवासी 40 वर्षीय बलकार सिंह पुत्र स्व. मनजीत सिंह गत सायं अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूपी 22 यू 0724पर सवार होकर बाईपास रोड़ से



जा रहा था। मार्ग में विरीत दिशा से आ रही कार संख्या डीएल 3सीसीटी 5825 के अज्ञात चालक ने बाईक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बलकार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बलकार सिंह के परिजन वहां आ गये। बलकार सिंह को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बलकार सिंह की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक बलकार सिंह चार भाईयों में सबसे बड़ा था और परिवार में उसकी पत्नी चरनजीत कौर, 15 वर्षीय पुत्री सर्वजीत कौर, 13 वर्षीय रीतू व 9 वर्षीय प्रीत कौर हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## गिफ्ट इंपोरियम का ताला काटकर डेढ़ लाख उड़ाए

### आधी रात को दिया वारदात अंजाम, शोर होने पर भागे

काशीपुर। लाइट गुल होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने यहां मौ सिघान में एक गिफ्ट इंपोरियम में ताले काटकर भारी मात्रा में गल्ले से नकदी पर हाथ साफ कर लिया। मौहल्ला सिंघान में जतिन कुमार की जतिन गिफ्ट इंपोरियम नाम से दुकान है। बीती रात लगभग 12 बजे कुछ अज्ञात चोर गिफ्ट इंपोरियम के ताले काटकर अंदर घुस गये। इसी दौरान आसपास के लोगों ने दुकान के अंदर से रोशनी आ रही देखी जिस पर उन्होंने दुकान स्वामी को फोन कर बताया। जिस पर दुकान में काम करने वाले कुछ लड़के मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि तीन चार लोग दुकान के अंदर हैं। जिस पर उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर दुकान में घुसे चोर मौके से भाग निकले। इस बीच चोरों को भागते हुए कुछ लोगों ने देख भी लिया। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।दुकान स्वामी ने बताया कि चोर दुकान के अंदर घुसे और उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के तार भी काट दिए। जतिन ने बताया कि चोर अंदाजन लगभग डेढ़ लाख रुपए लेकर भागे है ।

## सेना में नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले गैंग का सरगना गिरफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। सेना में नौकरी लगवाने का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जनपद पिथौरागढ़ के जौल जीवी थाने से गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में वांछित आरोपी पर दस हजार का ईनाम घोषित था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि निकली बिहार एक्सटेंशन बपरोला पश्चिमी दिल्ली निवासी पंकज सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर जनपद पिथौरागढ़ में नवयुवको से सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे धोखाध



ड़ी कर थाना क्षेत्र जौलजीवी से लगभग 70 लाख रुपये तथा पिथौरागढ़ व जाजरदेवल थाना क्षेत्रों आदि से लाखों रुपये की ठगी की गयी थी। शातिर ठगों ने मिलकर एक गैंग बनाया था जिसका लीडर पंकज सिंह था। गैंग लीडर पंकज सिंह अपने 3 साथियों के साथ मिलकर आईटीबीपी, सीआर पीएफ, बीएसएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर जौलजीवी, पिथौरागढ़ व जाजर देवल आदि क्षेत्रों नवयुवकों को गुमराह कर धनोपार्जन करता थे। इस गैंग के भय के कारण कोई भी जनता का व्यक्ति मुकदमा लिखाने (शेष पृष्ठ सता पर)

## 15 वर्ष बाद एसओजी के हत्थे चढ़ा कातिल

### घटना के वक्त था नाबालिग, अब है उम्र 28 वर्ष

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। बाजपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के थापक नगला इलाके में वर्ष 2008 में हत्या की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देकर फरार हुए अभियुक्त को लगभग 15 वर्ष बाद एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। घटना के वक्त हत्याभियुक्त की उम्र लगभग 13 वर्ष थी और अब वह 28 वर्ष का बालिग है। मामले की सुनवाई आज काशीपुर में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत में है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2008 की 4 दिसंबर को थापक नगला वीरपुरी बाजपुर स्थित आटा चक्की पर एक कमरे में राजवीर पुत्र राम प्रसाद निवासी उपरोक्त का (शेष पृष्ठ सता पर)

### न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जारी किए थे स्थाई वारंट

काशीपुर। हत्याकाण्ड को अंजाम देने के बाद फरार अभियुक्त को जब लंबे समय तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका तो न्यायिक मजिस्ट्रेट बाजपुर द्वारा उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किए गए। इसी के बाद हरकत में आई संयुक्त टीम ने कानून की आंख में धूल झोंककर फरार चल रहे हत्याभियुक्त को लगभग छह माह पूर्व पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे कर दिया।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी ने थामा कमल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सभासद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी ने आज अपने साथियों सहित गिल रिसोर्ट में भाजपा के सोशल मीडिया वालेंटियर सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोक सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट, काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक शिव अरोरा व जिलाध्यक्ष कमल जिंदल आदि वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।



सभी का अजय भट्ट, शिव अरोरा आदि नेताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। गौरतलब हो कि श्री अधिकारी ने पांच वर्ष पूर्व नगर निगम (शेष पृष्ठ सता पर)



# कांग्रेस में चल रही मैं नहीं लड़ूंगा की लड़ाई : भट्ट

### उत्तराखंड भाजपा ने मोदी, शाह और योगी समेत 16 स्टार प्रचारकों की डिमांड भेजी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में चुनाव प्रचार गरमाने के लिए प्रदेश भाजपा ने केंद्रीय नेतृत्व को पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,





उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत 16 दिग्गजों की डिमांड भेजी है। स्टार प्रचारकों की इस सूची के लिए संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व से अनुरोध किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने यह जानकारी दी। राज्य की पांच लोकसभा सीटों पर इन दिग्गजों के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह समेत कई केंद्रीय नेताओं के आने की संभावना है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के मुताबिक, लोकसभा स्तर पर होने वाली रैलियां, सभाओं एवं रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जैसे ही केंद्र से स्टार प्रचारक तय हो जाएंगे, रैलियां व रोड शो कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। भट्ट ने कहा कि पार्टी का चुनाव प्रचार अभियान पहले ही शुरू हो चुका है। पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन के बाद इसे और तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। पार्टी सदस्यता अभियान पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बृहस्पतिवार को पार्टी में बड़ी जॉइनिंग होगी, जिसमें पिछली बार विधानसभा चुनाव लड़ने वालों के साथ कई पूर्व विधायक भी शामिल होंगे। उन्होंने कांग्रेस के खाली होने के सवाल पर कटाक्ष किया कि जिस तरह देवभूमि ऐतिहासिक कानून लाकर देश में नजीर पेश कर रही है, ठीक उसी तरह कांग्रेस भी समाप्ति की ओर बढ़ रही है। लिहाजा कांग्रेस मुक्त उत्तराखंड होना अब निश्चित है। भट्ट ने कांग्रेस में प्रत्याशी तय करने में हो रही देरी पर चुटकी ली। कहा कि हालांकि यह उनका अंदरूनी मामला है, लेकिन मुझे विश्वास है शीघ्र ही जमानत जब्त होने वाले नाम भी सामने आ जाएंगे। क्योंकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चुनाव के परिणाम को बखूबी समझ रहे हैं। यही वजह है कि मैं नहीं लड़ूंगा की लड़ाई चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की पांचों सीटों पर पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ रही है। सभी प्रत्याशियों के नामांकन की तैयारियां भी पूर्ण हो गई हैं।

## उत्तराखंड में होंगी पीएम मोदी की तीन चुनावी रैलियां

देहरादून। उत्तराखंड में पहले चरण में लोकसभा चुनावों के लिए मतदान होना है। चुनाव के प्रचार-प्रसार में पार्टियां जुट गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने भी कमर कस ली है। इसी क्रम में जल्द ही पीएम मोदी उत्तराखंड आने वाले हैं। उत्तराखंड में तीन स्थानों पर उनकी रैली प्रस्तावित है। भाजपा प्रधानमंत्री की उत्तराखंड में तीन रैलियां आयोजित करने की योजना बना रही है। प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के लिए भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। उत्तराखंड भाजपा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तिथि व स्थान कि जल्द घोषणा करेगी। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की जो तीन रैलियां उत्तराखंड में होनी हैं उनमें से दो रैलियां गढ़वाल मंडल में होंगी। जबकि एक कुमाऊं मंडल में हो सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीजेपी प्रधानमंत्री की रैली हरिद्वार, उधमसिंहनगर व श्रीनगर में करा सकती है।

## कांग्रेस की दो लोकसभा सीटों पर ऐलान अटका

देहरादून। हरिद्वार व नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी है। बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल के साथ स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में दोनों सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर मंथन किया गया। लेकिन अभी प्रत्याशियों के नामों पर फैसला होना बाकी है। बीते दिन केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उत्तराखंड की दो सीटों पर चर्चा नहीं हो पाई थी। हरिद्वार व नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों को लेकर बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल के साथ बैठक ली। जिसमें स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भगत चरण दास, प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा मौजूद रहे। बैठक में प्रत्याशियों को लेकर विस्तार से मंथन किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि दोनों सीटों पर संभावित दावेदारों के नामों पर लगातार मंथन चल रहा है। जिसके बाद पार्टी हाईकमान प्रत्याशी घोषित करेगी।

## भाजपा को सामने दिख रही हार: गोदियाल

### कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा, चुनाव के समय आयकर विभाग ने भेजे छह साल पुराने नोटिस

देहरादून(उद संवाददात)। उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और गढ़वाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी गणेश गोदियाल चुनाव के समय छह साल पुराने मामले में आयकर के नोटिस से क्षुब्ध हैं। कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता में गोदियाल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कहा कि 19 मार्च को आयकर विभाग ने तीन नोटिस जारी किए। जिसमें उनके अलावा पत्नी और फर्म के नाम शामिल हैं। नोटिस में 22 मार्च को महाराष्ट्र के थाणे स्थित आयकर विभाग कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के लिए कहा गया। 2018 में उनकी फर्म के खिलाफ इसी तरह की जांच की गई। लेकिन इसमें कुछ नहीं निकला। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में हार देख कर भाजपा घटिया मानसिकता पर उतर आई है।



तमाम केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष दलों के लोगों को हतोत्साहित किया जा रहा है। चुनाव में गढ़वाल क्षेत्र की जनता का उन्हें हारने नहीं देना चाहती है। जबकि केंद्र सरकार चुनाव न जीते, इसके लिए पूरा जोर लगा रही है। जिसे आयकर के नोटिस से उलझाने का प्रयास किया जा रहा है। गोदियाल ने कहा मैंने जीवन में कोई भी ऐसा काम नहीं किया। जिससे उन्हें दंडित किया जा सके। 2016 में भी उन्हें तोड़ने के लिए भाजपा ने प्रयास किए। लेकिन हम अपने वसूलों में अडिग रहे। चुनाव के दौरान भाजपा जो भी हथकंडे अपना लें। वे डरने वाले नहीं हैं। गढ़वाल सीट पर भाजपा को हार सामने दिख रही है। जिससे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को कुचलने के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। हम शहीद भगत सिंह के अनुयायी हैं। फांसी के फंदे पर चढ़ने को तैयार हैं लेकिन वसूलों के साथ समझौता कभी नहीं करेंगे। गोदियाल ने कहा कि राजेंद्र भंडारी एक मजबूत नेता थे। उनके भाजपा में जाने से हमें नुकसान हुआ है। लेकिन राजनीतिक में कोई स्थान खाली नहीं रहता है। एक व्यक्ति जाता है तो उसकी जगह दूसरा स्थान लेता है। चमोली जिले में पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट हैं। कई भाजपा नेता भी उनके संपर्क हैं। भंडारी के जाने के बाद हम चुनावी रणनीति बदल रहे हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, गोदावरी थापली, गरिमा दसौनी, विकास नेगी आदि मौजूद थे।

## उत्तराखंड क्रांति दल ने चार सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

देहरादून। लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने भी कमर कर ली है। पार्टी ने उत्तराखंड की चार लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने प्रेसवार्ता कर बताया कि गढ़वाल से आशुतोष नेगी हरिद्वार सीट से मोहन असवाल, नैनीताल से शिव सिंह रावत (पूर्व सैनिक) व



अल्मोड़ा लोकसभा सीट से अर्जुन देव को प्रत्याशी घोषित किया गया है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कठैत ने कहा कि यूकेडी दमदार तरीके से चुनाव लड़ेगी। दल राज्य के स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगा। इसमें रोजगार, पलायन, मूल निवास, भू-कानून के साथ परिजोजनाओं में राज्य की 70 फीसदी हिस्सेदारी प्रमुख है।

## तीन महीने के लिए मिली 150 मेगावाट बिजली

देहरादून। गर्मी में बिजली संकट की आहट से बचाव के लिए केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने यूपीसीएल को तीन माह के लिए 150 मेगावाट बिजली आवंटित कर दी है। 31 मार्च को केंद्रीय कोटा खत्म होने जा रहा था। राज्य सरकार ने आगामी सीजन में मांग को देखते हुए 400 मेगावाट बिजली का प्रस्ताव भेजा था। बुधवार को विद्युत मंत्रालय ने राज्य को यूपी के बुंदेलखंड रीजन की 300 मेगावाट बिजली में से 150 मेगावाट बिजली उत्तराखंड को एक अप्रैल से 30 जून तक देने का आदेश जारी कर दिया। तीन माह के लिए मिलने वाली इस बिजली का आवंटन पत्र मंत्रालय ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण को भेज दिया है। राज्य सरकार को वर्तमान में केंद्र के गैर आवंटित कोटे से जो बिजली मिल रही थी, उसकी मियाद 31 मार्च को खत्म होने जा रही थी। राज्य सरकार ने इसके लिए 400 मेगावाट बिजली की मांग गैर आवंटित कोटे से रखी थी। जिस पर 150 मेगावाट मिली है। अभी और बिजली मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ने लगी है। वर्तमान में बिजली की मांग चार करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार कर गई है। जिसके सापेक्ष राज्य व केंद्रीय कोटे से करीब 3.1 करोड़ यूनिट बिजली उपलब्ध है।बाकी बिजली यूपीसीएल बाजार व अन्य स्त्रोतों से जुटा रहा है।

## भावना पांडे पर दांव खेल सकती है बसपा!

देहरादून। प्रदेश में पांचों लोकसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी में जुटी बसपा के प्रत्याशी अभी तक घोषित नहीं हो पाए हैं। बताया जा रहा कि तीन सीटों पर तो नाम तय हो गए हैं, लेकिन दो मैदानी प्रभाव और अधिक वोटबैंक वाली सीटों पर प्रत्याशी के नाम पर अभी मंथन चल रहा है। हरिद्वार में निर्दलीय विधायक उमेश कुमार और राज्य आंदोलन कारी भावना पांडे समेत कई नेताओं की बसपा से दावेदारी बताई जा रही है। माना जा रहा कि अभी एक-दो दिन का समय और लग सकता है। बसपा में पिछले करीब 15 दिन से प्रत्याशियों पर मंथन चल रहा है। पांचों लोकसभा सीटों पर दावेदारी पेश करने के लिए इस बार बसपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। सूत्रों के मुताबिक, गढ़वाल, टिहरी और अल्मोड़ा सीट पर तो प्रत्याशियों के नाम करीब तय हो चुके हैं, लेकिन हरिद्वार और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर अभी फैसला होना बाकी है। दिल्ली में बसपा सुप्रीमो से उत्तराखंड में पहले चरण में मतदान की तैयारियों व प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा की गई है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल ने बताया, अभी बसपा सुप्रीमो मायावती के साथ बैठक में मंथन चल रहा है। जल्द ही प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे।

## पीएम मोदी के विजन से निरंतर बढ़ रहा है भाजपा का परिवार : बलूनी

### भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत, कई नेता शामिल

पौड़ी। लोकसभा चुनाव के लिए गढ़वाल संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनिल बलूनी ने अपना प्रचार शुरू करते हुए जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग में रोड शो किया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। साथ ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए निवर्तमान विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी सहित पूर्व सांसद तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत सहित अन्य नेता भी मौजूद थे। बलूनी का रोड शो आर्मी बैंड की धुन से शुरू हुआ, जो मुख्य बाजार होते हुए केदारनाथ तिराहे तक पहुंचा। यहां पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मेरी जीत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोबारा देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संघर्ष व मेहनत कर रहे हैं। अगर, मुझे अपने कार्यकर्ताओं के लिए अपना खून भी बहाना पड़े तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। कहा कि भाजपा प्रदेश की पांचों सीट पर जीत दर्ज कर रही है। इस मौके पर शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदेई शाह, पार्टी जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, विधायक भरत सिंह चौधरी, विधायक शैलारानी रावत आदि मौजूद थे। वहीं अनिल बलूनी ने कर्णप्रयाग में भी पेट्रोल पंप से मुख्य बाजार में रोड शो किया। साथ ही भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान बलूनी ने कहा कि 19 अप्रैल के बाद देश में बची खुची कांग्रेस भी खत्म हो जाएगी। बलूनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गढ़वाल और उत्तराखंड से खास लगाव है। जिसके चलते कई उत्तराखंडियों को देश की अहम जिम्मेदारी दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गढ़वाल लोक सभा के हर शहर और गांव का विकास किया जाएगा। पौड़ी में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चौबट्टाखाल श्री केसर सिंह नेगी , श्री नवल किशोर पूर्व प्रत्याशी विधानसभा पौड़ी, श्री दीपक भंडारी ब्लॉक प्रमुख जयहरी, श्री दीपक कुकसाल ब्लॉक प्रमुख पौड़ी एवं श्रीमती चांदनी रावत पूर्व प्रमुख कोट ब्लॉक समेत कांग्रेस पार्टी के कई प्रभावी नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने भाजपा में शामिल होने पर वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों, कार्यों और विजन का प्रभाव है कि भाजपा का परिवार निरंतर बढ़ रहा है।









रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार.निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द.किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# होलिका दहन से पहले ही जला दी होली, हंगामा

## वैश्य समाज के लोग भड़के, फोर्स तैनात

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।प्रशासन द्वारा वैश्य समाज के लिए होली जलाने के लिए निर्धारित भूमि को अपना बताते हुए जनजाति समाज की महिलाओं ने वैश्य समाज द्वारा होली मनाने के लिए एकत्र लकड़ी में आग लगा दी। जनजाति समाज की महिलाओं द्वारा होली पर्व से पहले ही होली जला देने से वैश्य समाज के लोग भड़क उठे और विरोध को लेकर थाने में पहुंच गए। दो पक्षों में तनाव को देखते हुए तहसीलदार समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी। जानकारी के अनुसार वेश्य समाज को खटीमा रोड पर स्थानीय प्रशासन द्वारा समाज के अनुरोध पर अभी कुछ दिन पूर्व ही होली जलाने के लिए स्थान निर्धारित किया गया था। गुरूवार प्रातः थारू समाज की कुछ महिलाओं ने उक्त स्थान पर पहुंचकर जमीन को अपना बताते हुए समाज द्वारा होली के लिए एकत्र लकड़ी में आग लगा दी, जिससे समाज के लोग भड़क उठे। मनोज गर्ग,प्रमोद गर्ग, छागलाल अग्रवाल, विराट गोयल समेत तमाम लोग थाने में पहुंच गए और अपना विरोध जताते हुए होली में आग लगने वाले तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज में होली पर्व पर तनाव पैदा करने के लिए घटना को अंजाम दिया गया है। इधर होली जलाने वाले स्थान पर दर्जनों महिलाएं थारू समाज की मौजूद थी, जो कि प्रशासन के सामने लगातार हंगामा कर रही थी। समाचार लिखे जाने तक मौके पर तहसीलदार पूजा शर्मा, पटवारी व थाना अध्यक्ष पहुंच गए थे, हंगामा को देखते हुए पुलिस फोर्स भी बना ली गई है, दूसरा पक्ष होली जलाने वाले स्थान की भूमि को अपना बता रहा है।

# प्रधानमंत्री के विराट व्यक्तित्व के सामने विपक्ष पड़ा बौना: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता आशीष छाबड़ा ने जारी बयान में कहा कि उत्तराखंड से पांचों सीटें भाजपा भारी अंतर से जीतने जा रही है। कांग्रेस चुनाव में काफी पिछड़ चुकी है, कांग्रेस से चुनाव लड़ने को कोई तैयार नहीं है उन्होंने कहा कि नैनीताल ऊधम सिंह नगर सीट के दमदार प्रत्याशी अजय भट्ट के सभी



14 विधानसभाओं में चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ हो चुका है। श्री भट्ट 27 मार्च को रुद्रपुर में शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन करने जा रहे हैं और कांग्रेस की गुटबाजी और हारने के डर से अभी तक अपना प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विराट व्यक्तित्व के सामने विपक्ष बौना पड़ रहा है। विपक्ष के पास न नीति है न नेतृत्व। छाबड़ा ने कहा देश में मोदी लहर चल रही है, प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के भाजपा 370 और एन डी ए 400 पार का नारा पूर्ण हो उसके लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता उत्साहित है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की रीति नीतियों, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास कार्यो एवं सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट की सहजता, सरलता और विकासपूरक सोच एवं उनके द्वारा कराए गए इन पांच सालों के विकास कार्यों जैसे पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार,1100 करोड़ का रुद्रपुर बायपास, किच्छा में सेटेलाइट एम्स, जमरानी बांध प्रोजेक्ट सहित मोदी सरकार की सैकड़ों विकास कार्यों और कार्यकर्ताओं की अपार शक्ति की बदौलत भाजपा नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट 5 लाख से अधिक मतों से जीतने जा रही है।

# रोटरी क्लब ने धूमधाम से मनाया 'होली मिलन' समारोह

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रोटरी क्लब ऑफ रुद्रपुर की ओर से होली मिलन समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम हँसी- खुशी, सौहार्द और उत्सव के उल्लास से भरा था और उपस्थित लोगों ने इसमें





उत्साहपूर्ण भागीदारी करते हुए शाम का भरपूर आनंद उठाया। उपस्थित लोगों को सांस्कृतिक आनंद की एक श्रृंखला प्रदान की गई। जिसमें फूलों की होली और मंत्रमुग्ध कर देने वाला भावपूर्ण सूफी संगीत और एक प्रसिद्ध संगीत उस्ताद द्वारा प्रस्तुत गजलें शामिल थीं। इस अवसर पर प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिनमें संसेरा इंजीनियरिंग कंपनी के प्लांट हेड दीपक सोनी, इंपीरियल ऑटो के अनुप और नरेश सहित कई अन्य विशिष्ट महानुभाव शामिल थे। समारोह में नए रोटेरियन को सेवा और फेलोशिप के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक के रूप में प्रमाणपत्र और रोटरी पिन से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, पर्यावरणीय चेतना के संकेत के रूप में, गणमान्य व्यक्तियों और नए रोटेरियन को रोटरी सहेली सेंटर द्वारा तैयार किए गए स्व-निर्मित जूट बैग भी भेंट किए गए। कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए रोटेरियन हेमन्त सिंगल और जयप्रकाश अग्रवाल ने 'होली मिलन' को यादगार बनाने के लिए सभी उपस्थित लोगों और समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा समुदाय की ओर से इतनी जबरदस्त भागीदारी और उत्साह देखकर हमें खुशी हो रही है। 'होली मिलन ने हमारी सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाने और हमारे समाज के सभी सदस्यों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम किया है। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से, हम अपने समुदाय के भीतर सद्भाव और समझ को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

# एसओजी टीम ने घर में छुपाई गई शराब को किया बरामद

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले को अवैध नशे के कारोबारियों से मुक्त करने के लिए पुलिस की मुहिम रंग ला रही है,वही आचार संहिता लागू होते ही होली के आगमन पर अवैध नशे के सौदागरों पर एसपी अक्षय प्रह्लाद कोंडे के निर्देश पर एसओजी टीम ने एक नशे के अवैध कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जनपद पुलिस द्वारा प्रभावी चेकिंग इत्यादि की कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्राधिकारी अंकित कंडारी के पर्यवेक्षण में एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह एवं उनकी टीम एवं लिकर मॉनिटरिंग टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए कपकोट के ग्राम कालो बदियाकोट निवासी सुंदर सिंह दानू पुत्र प्रताप सिंह दानू उम्र 35 वर्ष एक व्यक्ति को उसके घर/गौशाला में रखी भारी



मात्रा में कुल 26 पेटी, (04 पेटी बोतल ग्ग रम , 03 पेटी बोतल 8 च्ड बरमूडा रम, 03 पेटी हाफ बरमूडा रम, 02 पेटी क्वाटर बरमूडा रम) कुल 12 पेटी अंग्रेजी शराब व 14 पेटी किंगफिशर बियर अवैध शराब बरामद की है। जिसकी अनुमानित कीमत 1,43,239.बताई जा रही है।एसओजी टीम द्वारा आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करके आरोपी को कपकोट पुलिस के सुपुर्द किया गया। जहाँ आरोपी के विरुद्ध 60(1) आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में भेज दिया गया है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में एसओजी प्रभारी प्रहलाद सिंह, आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक आरपी चौसाली, आरक्षी रेखा,आरक्षी भुवन बोरा,आरक्षी संतोष सिंह, रमेश सिंह चालक राजेन्द्र कुमार, भूपेश सिंह, आदि मौजूद थे।

# मृतक सैनिक के भाई ने पत्नी समेत अन्य स्वजनों पर हत्या का आरोप

गरुड़(उद संवाददाता)। गोलू मार्केट में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई पूर्व सैनिक दिनेश चंद्र भट्ट की मौत के मामले में मृतक के भाई प्रकाश चंद्र भट्ट ने मृतक की पत्नी समेत अन्य स्वजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बैजनाथ थाने में हत्यारोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। बैजनाथ थाने में दी गई तहरीर में मृतक के भाई प्रकाश चंद्र भट्ट ने कहा है कि उसका भाई मूल रूप से बागेश्वर के भयेड़ी गांव निवासी था। वह बीस-पच्चीस सालों से अपने ससुराल गोलू मार्केट गरुड़ में रहता था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उसके भाई की हत्या उसकी पत्नी दया भट्ट, पुत्र राहुल भट्ट, पुत्री भावना भट्ट, मृतक की साली गंगा देवी, मृतक की साली का पुत्र दीपू ने मिलकर की है। उन्होंने तत्काल हत्यारोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मृतक के पुत्र राहुल भट्ट का बैजनाथ थाने में संदिग्ध रिकार्ड पूर्व में दर्ज है। उन्होंने मृतक व उसकी पत्नी के फोन की भी जांच करने की मांग की है। थानाध्यक्ष, थाना बैजनाथ प्रताप सिंह नगरकोटी ने कहा कि मृतक पूर्व सैनिक के भाई ने पत्नी समेत अन्य स्वजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिना दांत वाले मखना हाथी की टस्कर हाथी से हुई भिडंत

जसपुर। पानी की तलाश में दूसरे हाथियों के क्षेत्र में आने पर बिना दांत वाला हाथी (मखना) का दांत वाले हाथी से संघर्ष हो गया। टस्कर हाथी ने मखना हाथी को दूर तक दौड़ा दिया। घंटों तक चले आपसी संघर्ष को शांत कराने में वनकर्मियों का पसीना छूट गया। अमानगढ़ रेंज में वन्यजीवों के लिए पानी और आहार की अधिकता के चलते अक्सर कार्बेट पार्क के वन्यजीव भी अमानगढ़



चले आते हैं जिसे वहां के वन्यजीव पसंद नहीं करते। अमानगढ़ रेंज के कोठीरो बीट में प्यास बुझाने के लिए एक मखना हाथी आया था। वहां पहले से मौजूद एक टस्कर ने मखना हाथी को खदेड़ कर भगा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घंटों चले संघर्ष में मखना हाथी लौटने को मजबूर हो गया।

# लाखों की स्मैक के साथ बरेली के दो तस्कर गिरफ्तार

विकासनगर। विकासनगर में पुलिस ने 104 ग्राम स्मैक के साथ यूपी के बरेली के दो ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया। बरामद चरस की बाजारी कीमत करीब 31 लाख रुपये आंकी जा रही है। आरोपियों से बैटरी युक्त इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। आरोपियों की पहचान फुरकान निवासी निकट राजा पब्लिक स्कूल फरकपुर थाना फरीदपुर बरेली और मोहम्मद फरमान निवासी ग्राम नौगांव थाना फरीदपुर बरेली के रूप में हुई। खुलासा करते हुए एसपी देहात लोकजीत सिंह ने बताया कि लोक सभा चुनाव को देखते हुए सभी थाना चौकी प्रभारियों को चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इसे देखते हुए सेलाकुई पुलिस ने थाना प्रभारी शैंकी कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस कर्मियों को दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। जिस पर पुलिस कर्मियों ने दोनों को पूछताछ के लिए रुकने का इशारा किया। जिस पर दोनों भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों बरेली के रहने वाले हैं। जल्दी पैसा कमाने के लालच में वे अलग-अलग स्थानों पर मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। वे औद्योगिक क्षेत्र और शिक्षण संस्थानों के आस-पास स्मैक बेचा करते थे। जहां मादक पदार्थों के मुंह मांगे दाम मिल जाते हैं। वे बरेली से सस्ते दामों पर स्मैक खरीदकर उसे फुटकर में ऊंचे दाम पर बेचकर अच्छा मुनाफा कमाते हैं।

# गोपाल नगर में मनाया बुजुर्ग और विधवा दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ग्राम गोपाल नगर में सुचेतना समाज सेवा की ओर से बुजुर्ग और विधवा दिवस मनाया गया। जिसमें गांव के ग्रामीण बुजुर्ग और विधवाओं ने भाग लिया। गांव के बुजुर्गों को कोऑर्डिनेटर शारदा तथा सुपरवाइजर सपना ने जागरूक किया। बुजुर्गों और विधवाओं को समझाया गया कि हमें जीवन में कभी भी हिम्मत नहीं हरनी चाहिए। समाज



में हमें सदैव जीवन में खुश रहना है समाज में हमें अपने परिवार में अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बच्चों को सुंदर कहानियां और सफल कहानी समझाएं। इस दौरान बुजुर्गों के लिए मनोरंजक गेम भी आयोजित कये गये और विजेताओं को पुरस्कार बांटे गये। इस अवसर पर समाजसेवी दीपाली, पूजा और सोनम सहित कई लोग मौजूद थे।

# उत्तराखंड में 75 प्रतिशत मतदान के लिए मैनेजमेंट प्लान तैयार : नमामि बंसल



देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में इस बार लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत मतदान के लिए योजना तैयार की गई है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया कि इसके लिए बूथ स्तर तक का मैनेजमेंट प्लान तैयार किया गया है। बुधवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया से बातचीत में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने व मतदाता जागरूकता को लेकर अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। 83 लाख 21 हजार 207 मतदाताओं को मतदान के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। राज्य में अब तक 34 लाख 94 हजार मतदाता मतदान की शपथ ले चुके हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी से मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए 13 फरवरी 2024 से एक कैलेंडर भी तैयार किया गया है। इसके लिए मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, स्लोगन लेखन में अब तक 16 हजार गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। जिसमें अभी तक छह लाख 55 हजार मतदाताओं ने हिस्सा लिया है। लगभग 5700 मैराथन और रैली का आयोजन भी मतदाता जागरूकता के लिए किया गया है, जिसमें लगभग 72 हजार मतदाताओं ने हिस्सा लिया। भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के लिए भी मतदाता जागरूकता के लिए प्रदेश में 25 हजार आयोजन किए जा चुके हैं। जनवरी माह में मतदाता पंजीकरण के लिए मिशन मोड में कैंप लगाए गए, अब तक मतदाता पंजीकरण के लिए 15 हजार 232 कैंप लगाए जा चुके हैं। नारी निकेतन, वृद्धाश्रम, शिक्षण संस्थानों में मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। राज्य में 18 से 19 वर्ष के एक लाख 45 हजार प्रथम बार के मतदाताओं को जोड़ा गया है, जिन्हें वोटर आईडी कार्ड भेजा जा रहा है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी बंसल ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 61.5 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिसे बढ़ाकर 75 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में मंगलवार को दिनभर में 2290 लोगों को मुचलका पाबंद किया गया। अब तक 5800 को मुचलका पाबंद किया जा चुका है।

## मुख्य डाकघर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने बुधवार को देहरादून स्थित मुख्य डाकघर में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां मौजूद समस्त पोस्ट ऑफिस कार्मिकों एवं आरडीआर एजेंट्स को मतदान करने की शपथ दिलाई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में डाक विभाग की बेहद महत्वपूर्ण



भागीदारी और जिम्मेदारी का कार्य होता है। पोस्ट ऑफिस में रोजाना बड़ी संख्या में आमजन अपने कार्यों के लिए पहुंचती है, इसलिए पोस्ट ऑफिस मतदाता जागरूकता के लिए भी उचित स्थान है। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे एवं भारतीय डाक विभाग के उत्तराखण्ड सर्किल के निदेशक अनुसूया प्रसाद समेत बड़ी संख्या में डाक विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## अल्मोड़ा में भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा 22 मार्च को दिग्गजों के साथ कराएंग नामांकन

अल्मोड़ा। भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा 22 मार्च को नामांकन कराएंगे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर नामांकन के लिए 27 मार्च की तिथि तय की है। नामांकन की तैयारी है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने नामांकन की तैयारी शुरू कर दी है। नामांकन में दोनों दलों के बीच शक्ति प्रदर्शन भी होगा। इसके अलावा दोनों दल बड़ी जनसभा की योजना बना रहे हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद अधिसूचना जारी की गई थी। नामांकन के लिए 20 से 27 मार्च की तिथि तय की गई है। जबकि, 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, 30 मार्च को नाम वापसी होनी है। अब भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशियों के नामांकन की तिथि तय कर दी है। भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा 22 मार्च को नामांकन कराएंगे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर नामांकन के लिए 27 मार्च की तिथि तय की है। दोनों के नामांकन में जिला, लोकसभा सहित प्रदेश स्तर के नेता मौजूद रहेंगे। तय किया गया है कि नामांकन से पूर्व अल्मोड़ा में शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। दोनों ही पार्टियां नामांकन के दिन बड़ी जनसभा करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी पार्टी की ओर से जनसभा के लिए किसी बड़े नेता के नाम का खुलासा नहीं किया है। दोनों दल चुनाव तैयारी के साथ ही प्रचार में भी जुटे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक मतदान के लिए आयोग तैयार है। अगर किसी ने मतदान को प्रभावित करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसको को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर ली है। बताया कि भारतीय दण्ड संहिता के तहत किसी भी व्यक्ति को उसके मतदान के अधिकार के प्रयोग के लिए उत्प्रेरित करने पर एक वर्ष का कारावास या जुर्माने की सजा हो सकती है। बताया कि मतदान को प्रभावित किए जाने की शिकायत टोल फ्री नम्बर 05962-1950, निर्वाचन कन्ट्रोल रूम नम्बर 05962-29727, 298949, 298952 पर की जा सकती है।

## पंतनगर विवि के कुलपति ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन चौहान ने शिष्टाचार भेंटकर विश्वविद्यालय की प्रगति एवं कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि जीबी पंत विश्वविद्यालय कृषि एवं बीज के क्षेत्र में रिसर्च और टेक्नोलॉजी के माध्यम से क्रांति का अग्रदूत बने। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विश्व स्तरीय होने के नाते अपनी पहचान को सार्थक करते हुए कृषि के क्षेत्र में लोगों के लिए अपना योगदान दे। राज्यपाल ने कुलपति को तीन माह के भीतर कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर रिसर्च कर अपने सुझाव देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसानों की बेहतरी और फसलों की उन्नत पैदावार के लिए भी अपने सुझाव



देने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि उन्नत कृषि उत्पादन के लिए इजराइल जैसे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने वाले देश की तकनीकों पर अनुसंधान कर उन तकनीकों पर कार्य करने के प्रयास करें। कुलपति ने राज्यपाल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर यथाशीघ्र कार्यवाही का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. एस. के. कश्यप, डॉ. एच. एन. सिंह और विनोद गौड़ उपस्थित रहे।

## बंद मकान में घुसकर नकदी और आभूषण उड़ाए



बाजपुर। बंद मकान के रसोई की जाली और कुंडी तोड़कर चोर 80 हजार रुपए की नकदी, सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। नगर के मोहल्ला पहाड़ी कॉलोनी में प्रदीप गुप्ता और उनकी पत्नी चंदा गुप्ता अपने मकान में रहते हैं जबकि उनका बेटा बाहर नौकरी करता है। पत्नी चंदा गुप्ता का इलाज कराने के लिए प्रदीप मकान का ताला लगाकर 23 फरवरी को रामपुर गए थे। बुधवार दोपहर बाद वापस लौटे। मकान के गेट पर ताला लगा था। अंदर रसोई की जाली ओर कुंडी टूटी मिली। कमरों में सामान बिखरा पड़ा मिला। अलमारी से 80 हजार रुपए की नकदी, सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान गायब मिला। सूचना पर भाजपा नेता राजेश कुमार, अमित चौहान, गोनी सहित अन्य लोग जमा हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित प्रदीप गुप्ता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन प्रक्रिया शुरू

रूद्रपुर। लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया को लेकर एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बुधवार को कलेक्ट्रट पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिये। रुद्रपुर कलक्ट्रेट परिसर में तैयारियां पूरी हो चुकी है। कलक्ट्रेट के जिलाधिकारी न्यायालय परिसर में नामांकन प्रक्रिया की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रुद्रपुर में नामांकन के प्रथम दिवस 20 मार्च को चार नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर कार्यालय से लिए गये हैं। जिसमे अखिलेश सिंह निर्दलीय,



अमर सिंह सैनी पुत्र बीर सिंह निवासी भदईपुरा पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक, शंकर सिंह रावत निवासी मोटाहल्दू निर्दलीय व हरीश कुमार निवासी जनपद रोड रुद्रपुर निर्दलीय ते रूप में नामांकन पत्र लिए गए है।

# लोगों को मतदान के लिए करें जागरूक राजनैतिक दल

## जिला निर्वाचन विभाग ने पूरी की तैयारी: दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता घर बैठे पोस्टल बैलट से करेंगे मतदान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में बुधवार को हल्द्वानी एनआईसी कार्यालय में एडीएम/ नोडल अधिकारी, आदर्श आचार संहिता शिव चरण द्विवेदी ने राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने राजनैतिक दलों से लोगों को मतदान के लिए जागरूक और प्रोत्साहित करने की बात कही। कहा कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सकता है।बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सफल संपादन के लिए एम. बी. पीजी कालेज में स्ट्रांग रुम और मतगणना कक्षों को चिन्हित किया गया है। आगामी चुनाव में दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता घर बैठे पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने का विकल्प रखा गया है।जिसको देखते हुए जिला निर्वाचन विभाग ने पूरी तरह तैयारी कर ली है। 50 हजार से अधिक की रकम लाने या पहुंचाने के



लिए किसी व्यक्ति या समूह को बिल, बैंक की जानकारी, जीएसटी नंबर आदि के दस्तावेज रखने होंगे। जिससे की चुनाव के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बैठक दौरान उन्होंने लालकुआं- हल्द्वानी विधानसभा के राजनैतिक दलों के साथ विचार विमर्श और निर्वाचन छेत्र की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि लालकुआं में कुल मतदेय स्थल 142 हैं।जिसमें कुल मतदाता 125785, दिव्यांग857, 85 साल से अधिक उम्र के 718 जबकि 2 अन्य है। साथ ही मतदेय स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय हल्दूचौड़ 658 पुरुष-632 महिला में सर्वाधिक मतदाता हैं।जबकि कुष्ठ रोग आश्रम सरकारी भवन हाथीखाल में सबसे कम मतदाता हैं। जिनमें 35 पुरुष और 40 महिलाएं है। मतदेय स्थल राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाड़खेड़ा में सर्वाधिक 32 दिव्यांग मतदाता और राजकीय प्राथमिक विद्यालय कटान नया गांव में सर्वाधिक 30 वरिष्ठ मतदाता हैं। मतदेय स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय हल्दूचौड़ दीना सबसे अधिक 632 महिला मतदाता, पंडित पूर्णानंद राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलाखेड़ा में सर्वाधिक 666 पुरुष मतदाता है। मतदेय स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांधी नगर बिन्दुखत्ता में 18-19 उम्र के सर्वाधिक 31 मतदाता हैं। कुष्ठ रोग आश्रम सरकारी भवन हाथीखाल 18-19 उम्र में सबसे कम 1 ही मतदाता है। 20-25 से उम्र के 160 सर्वाधिक मतदाता मतदेय स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय हल्दूचौड़ दीना, जबकि सबसे कम 10मतदाता कुष्ठ रोग आश्रम सरकारी भवन हाथीखाल में हैं। बताया कि सुरक्षा दी दृष्टि से लालकुआं विधानसभा में 12 एफएसटी, 12 वीएसटी, 3 एसएसटी और 2 वीवीटी टीमों का नियुक्त की है। जबकि हल्द्वानी में कुल मतदेय स्थल 183 हैं। जिनमें 155720, दिव्यांग 867, 85 साल से अधिक उम्र के 847 जबकि 7 अन्य मतदाता हैं। मतदेय स्थल 1357 सर्वाधिक मतदाता राजकीय प्राथमिक विद्यालय जवाहर ज्योति दमुवाढुगां में हैं और 82 सबसे कम मतदाता कुष्ठ रोग आश्रम धर्मशाला हल्द्वानी में है। मतदेय स्थल कुष्ठ रोग आश्रम धर्मशाला में सर्वाधिक 25 दिव्यांग और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बमौरी हल्द्वानी में सर्वाधिक 50 वरिष्ठ मतदाता हैं। मतदेय स्थल कुष्ठ रोग आश्रम धर्मशाला हल्द्वानी में सबसे कम 37 महिला मतदाता और राजकीय प्राथमिक विद्यालय जवाहर ज्योति दमुवाढुगां 668 में सर्वाधिक महिला मतादाता हैं। मतदेय स्थल कुष्ठ रोग आश्रम धर्मशाला हल्द्वानी में 45 सबसे कम पुरुष और राजकीय प्राथमिक विद्यालय जवाहर ज्योति दमुवाढुगां 689 सर्वाधिक पुरुष अपने मतदान का प्रयोग करेंगे।मोतीराम बाबूराम इंटर कालेज हल्द्वानी में 18-19 उम्र के सर्वाधिक 43 मतदाता जबकि रैन बसेरा स्थित नगर निगम इंटर कालेज काठगोदान उम्र में सबसे कम 02 ही मतदाता है। मतदेय स्थल मदरसा नैनीताल पब्लिक स्कूल इंद्रानगर में 20-25 से उम्र के 180 सर्वाधिक मतदाता जबकि सबसे कम कुष्ठ रोग आश्रम धर्मशाला हल्द्वानी में 14 मतदाता है। बताया कि 9 एफएसटी, 9 वीएसटी, 3 एसएसटी और 2 वीवीटी टीमों का नियुक्त की है। बैठक में एआरओ हल्द्वानी ए पी बाजपेई, लालकुआं एआरओ परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन, तहसीलदार मनीषा समेत राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'इसलिए' बनाई जाती है भक्त 'प्रहलाद एवं होलिका' की 'गोबर से प्रतिमा'

## विष्णु के नरसिंह अवतार के चमत्कार एवं भक्त प्रहलाद की रक्षा के साथ ही, गौ माता की महिमा को भी मंडित करता है होली-पर्व

-अर्श-

रूद्रपुर। प्रायः हर बड़े हिंदू त्यौहार के पीछे के साथ कोई ना कोई सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक मान्यता जुड़ी हुई है। हिंदुओं के सबसे बड़े त्यौहार में से एक दीपावली ,जहां रावण वध के उपरांत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की अयोध्या वापसी के उपलक्ष में मनाया जाता है, वही दूसरा महत्वपूर्ण त्यौहार होली, भगवान विष्णु के नरसिंह के रूप में प्रकट होने तथा हिरण्यकश्यप नामक महा असुर का वध कर ,भक्त प्रहलाद को दर्शन देने एवं उसके प्राणों की रक्षा करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। होली का त्योहार प्रेम और सद्भावना से जुड़ा त्योहार है ,जिसमें अध्यात्म एवं सामाजिकता के मेल का अनोखा रूप झलकता है ।इस दिन समाज से ऊंच-नीच, गरीब-अमीर जैसी विभाजक भावनाएं विलुप्त हो जाती हैं। यह पर्व खेती-किसानी से भी जुड़ा है इसीलिए तो जलती होली में गेहूं की बालियों को भूनने का महत्व है। इस त्योहार को रंग और गुलाल के साथ मनाने की परंपरा है। होली उत्साह और उमंग से भरा त्योहार और उत्सव है। विष्णु भक्त इस दिन व्रत भी रखते हैं। होलिका दहन के लिए लोग महीनेभर पहले से तैयारी करना आरंभ कर देते हैं तथा सामूहिक रूप से लकड़ी, उपले आदि इकट्ठा करते हैं। तत्पश्चात फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के दिन संध्या काल में भद्रा दोषरहित समय में होलिका दहन किया जाता है। होली जलाने से पूर्व उसकी विधि-विधान सहित पूजा की जाती है और अग्नि एवं विष्णु के नाम से आहुति दी जाती है। होलिका दहन के दिन लोग पवित्र अग्नि के चारों ओर नृत्य करते हैं और लोकगीतों का गायन करते हैं ।इस अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीतों में परस्पर हंसी- मजाक एवं



छेड़छाड़ का भाव होता है। इस दिन राधा-कृष्ण की लीलाओं एवं ब्रज की होली के गीत- संगीत की धुन गलियों-गलियों में गूंजती रहती है और लोग मस्ती के उन्माद से आनंद-विभोर रहते हैं। होलिका दहन के दिन लोग अपने-अपने घरों में खीर और मालपुआ बनाकर अपनी कुलदेवी और देवता को भोग भी लगाते हैं। होलिका दहन के शुभ अवसर पर आग जलाने के लिए गाय के गोबर के उपलों का इस्तेमाल किया जाता है तथा गाय के गोबर से ही होलिका और प्रहलाद की प्रतिमा बनाई जाती है। गाय के गोबर से ही भक्त प्रहलाद एवं होलिका की प्रतिमा बनाने के पीछे एक खास धार्मिक वजह है। सनातन मान्यताओं के अनुसार हिंदू धर्म में गाय के गोबर को बहुत पवित्र माना गया है। इसी वजह से सभी शुभ और धार्मिक कार्यों जैसे हवन, अनुष्ठान आदि में गाय के गोबर का इस्तेमाल किया जाता है। मान्यता के मुताबिक गाय के पृष्ठ भाग यानि कि पीछे के हिस्से को यम का स्थान माना जाता है और गाय का गोबर इसी स्थान से मिलता है। ऐसे में होलिका दहन में इसके इस्तेमाल से कुंडली में अकाल मृत्यु जैसे या कोई भी बीमारी से जुड़े दोष दूर हो जाते हैं।हिंदू धर्म शास्त्रों के मुताबिक, गाय में सभी देवी-देवता का वास होता है और गाय के प्राया:हर एक अंग में किसी न किसी देवी-देवता का वास बताया गया है, इसीलिए गाय को पूजनीय कहा जाता है। गाय के गोबर और गौमूत्र में गंगा मैय्या का स्थान भी माना जाता है। इसी वजह से गाय के गोबर एवं गोमूत्र को शुद्ध माना जाता है। होलिका दहन के अवसर पर जब अग्नि प्रज्वलित की जाती है , तब गोबर से बनी होलिका की प्रतिमा भी जलने लगती है। इस आग से धुआं उठता है और ऐसा माना जाता है कि गाय के गोबर के उपले का धुआं नकारात्मकता को भगाता है। इस अग्नि का धुआं मन में पैदा होने वाले अशुभ विचारों को भी दूर कर देता है और बुरी नजर को भी उतारने में भी असरदार माना गया है।साथ ही, ऐसी मान्यता भी है कि गाय के गोबर के जलने से जो धुआं पैदा होता है उससे वास्तु दोष और ग्रह दोष भी दूर होते हैं। इसी वजह से होलिका दहन की राख को घर ले जाने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन की राख से वास्तु से जुड़ी कैसी भी परेशानी से निजात पाई जा सकती है।

# शिविर में किया बालिकाओं का सुवर्ण प्राशन संस्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा बालिका विद्या मन्दिर जूनियर हाई स्कूल, जगतपुरा में एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय की बालिकाओं को सुवर्ण प्राशन संस्कार के अंतर्गत खुराक दी गई। बता दें की सुवर्ण प्राशन संस्कार नवजात






शिशु से लेकर 16 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को स्वर्ण भस्म व घृत, शहद आदि मिश्रित दो बूंद खुराक के रूप में दिया जाता है। प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर जो कि लगभग 27 दिन बाद आता है यह खुराक दी जाती है। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा रुद्रपुर ने सुवर्ण प्राशन संस्कार को मासिक प्रकल्प के रूप में विगत दिसंबर माह से प्रारंभ किया है गरीब बस्तियों में जिन विद्यालयों में बच्चे कमजोर व गरीब तबके से हैं उन विद्यालयों में शाखा की ओर से यह खुराक प्रतिमाह नि:शुल्क दी जाती है। अब तक गाँधी कॉलोनी, रम्पुरा स्थित सेवा भारती द्वारा संचालित 3 विद्यालयों व श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रवास में ये खुराक बच्चों को दी जा चुकी है। सुवर्ण प्राशन संस्कार में दी जाने वाली खुराक से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, उनका मानसिक विकास होता है व उन्हें बीमारियों से लड़ने में सहायता करती है। आज बालिका विद्या मन्दिर जू. हाई स्कूल, जगतपुरा में यह खुराक लगभग 435 बच्चों को दी गई। यह खुराक कक्कड़ हेल्थ केयर के डॉक्टर पवन कक्कड़ के सहयोग से दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार, शाखा सचिव हरीश ग्रोवर, शाखा महिला संयोजिका ज्योति सुखीजा, अंजू ग्रोवर, रीमा खेड़ा आदि मौजूद थे।

# रोडवेज बसों से भाजपा का प्रचार हटाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने एआरओ के पत्र लिखकर रोडवेज की बसों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व यूपी सीएम योगी के प्रचार प्रसार वाले लगे पोस्टरों को हटाने व ठोस कार्यवाही की मांग की है। एडीएम के माध्यम प्रेषित पत्र में साहू ने कहा है एक तरफ गली मोहल्लों से छोटे छोटे पोस्टर बैनर हटाये जा रहे है वही



दूसरी ओर पीएम व सीएम के पोस्टरों को हटाने में कोतवाही बरती जा रही है। जिससे लोकसभा चुनाव में प्रभाव पड़ सकता है। पत्र की प्रतिलिपि निर्वाचन आयोग मुख्य दिल्ली को भी प्रेषित की गई है। एडीएम ने तत्काल कार्यवाही शुरू कर दी है।

# श्री श्री शनिदेव महाराज जी की वार्षिक पूजा कार्यक्रम 22 मार्च से

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सिंह कालोनी गली नंबर एक में श्री श्री शनि देव महाराज जी की वार्षिक पूजा कार्यक्रम आगामी 22 मार्च से प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक कार्तिक मंडल व



देवू मंडल के साथ अन्य सहयोगियों ने बताया कि आगामी 22 मार्च दिन शुक्रवार से 28 मार्च तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक सिंह कालोनी गली नम्बर एक स्थित श्री श्री शनिदेव मंदिर प्रागंण में कथा व्यास श्याम भाई महाराज जी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 मार्च दिन शनिवार को आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में प्रात: 6 बजे से अष्टम प्रहर महानाम संकीर्तन एवं भंडारा प्रारंभ होगा तथा दोपहर 1 बजे से श्री श्री शनिदेव महाराज जी की पूजा होगी। 31 मार्च दिन रविवार को प्रात: 6 बजे महानाम संकीर्तन का समापन होगा। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमी जनता से सपरिवार उपरोक्त सभी कार्यक्रमों मेंशामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# रिकार्ड मतों से होगी भाजपा प्रत्याशी भट्ट की जीत:शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)।भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के आगामी 27 मार्च को रुद्रपुर में आयोजित नामांकन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किच्छा चुनाव कार्यालय में विधानसभा के चुनाव संचालन समिति एवं तीनों मंडलों के कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विधानसभा विस्तारक दर्जा मंत्री दिनेश आर्य एवं लोकसभा क्लस्टर प्रमुख प्रदीप बिष्ट ने बैठक कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी। विधानसभा संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े महापर्व का उदगार हो चुका है। आगामी 27 मार्च को लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट का नामांकन रुद्रपुर में होगा। नामांकन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किच्छा



से उत्साहित कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। किच्छा विधानसभा क्षेत्र से अजय भट्ट की ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता उत्साहित है, किच्छा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मन बना लिया है कि अबकी बार 400 पार के नरेंद्र मोदी के नारे को सार्थक करते हुए नैनीताल उधमसिंहनगर सीट से प्रत्याशी अजय भट्ट को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएंगे। क्लस्टर प्रमुख प्रदीप बिष्ट एवं विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य ने तीनों मंडलों के कार्यकर्ताओं के साथ 27 मार्च को नामांकन कार्यक्रम में पहुंचने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी। कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ को 2019 से अधिक मतों से विजयी बनाने के लिए उत्साहित हैं, जिसकी झलक आगामी नामांकन कार्यक्रम में देखने को मिलेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, , अक्षय अरोड़ा, अनिल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, संजीव खन्ना, श्रीकांत राठौर, दिग्विजय खाती, संदीप अरोड़ा, सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा, हरीश खंडवानी, मूलचंद राठौर, दिव्यांश लूथरा, राजीव सक्सैना, ओम तनेजा, सुरेंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना,पूरन भट, राजेश कोली रज्जी, देवेंद्र शर्मा, कमलेश राठौर, नितिन चरण वाल्मीकि, मयंक तिवारी, सुशील यादव, तारा कोरंगा, पूनम अग्रवाल, सुरेंद्र चौधरी, लता सिंह, शैली फुटेला, रीता पांडे, आरती दुबे, पिंकी डिमरी, दीपा राय, दया दसीला, बलकेश चौधरी समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# व्यय प्रेक्षक ने चुनाव नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यय प्रेक्षक टी0 शंकर आईआरएस (आईटी) ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एमसीएमसी, सीविजिल कक्ष का निरीक्षण कर जानकारियां ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एमसीएमसी व सीविजिल में तैनात कार्मिकों से जानकारी ली। इसके पश्चात प्रेक्षक ने चुनाव नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) का निरीक्षण किया जहां उपस्थित प्रभारी अजय वर्मा व व्योमा जैन द्वारा कन्ट्रोल रूम सम्बन्धित जानकारियां दी गयी। इसके उपरांत व्यय प्रेक्षक ने जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह से मिल कर निर्वाचन से सम्बन्धित जानकारियां भी ली। इस दौरान नोडल व्यय डॉ0 पंकज कुमार शुक्ला, सहायक नोडल एसके त्रिपाठी, लाइजिनिंग आफिसर प्रेक्षक डा0 हितेश पंत, डीडीएमओ उमाशंकर नेगी आदि मौजूद थे।





# डिपो स्वामियों ने किया नवनियुक्त डीएसओ का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑल इण्डिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन, उत्तराखण्ड के जिलाध्यक्ष राजेंद्र बांगा काली के नेतृत्व में राशन डिपो स्वामियों के एक शिष्ट मंडल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचकर जनपद के नवनियुक्त जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्य को बुकेट भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। श्री बांगा ने कहा कि नवनियुक्त जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्य जनपद के राशन डिपो स्वामियों की विभिन्न समस्याओं का शीघ्र समाधान कराएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पश्चात डिपो स्वामी डीएसओ के साथ बैठक कर राशन वितरण में आ रही समस्याओं सहित अन्य मांगों पर



विचार विमर्श करेंगे। इस दौरान स्वागत करने वालो में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र बांगा काली सहित रवि खुराना, मुकेश कुमार, नरेश कुमार, रवि आर्य, सुरेन्द्र सिरोही, माजिद अली, बृजकिशोर, परमहंस आदि विक्रेता गण मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बदायूं हत्याकांड

आपराधिक तत्वों के दिलों में किसी भी घटना को अंजाम देने में पुलिस, कानून या जेल की सलाखों का कोई भय नहीं रह गया है। हर जघन्य घटना को अंजाम देने के बाइ वह आसानी से भाग निकलते है। हांलांकि हर आपराधिक घटना के खुलासे के लिए पुलिस तंत्र को सभी आवश्यक आधुनिक तकनीक से युक्त सुविधायें उपलब्ध कराई गईं हैं। लेकिन तमाम अपराधी आज भी पुलिस के चंगुल से बचे हुए हैं। उत्तर प्रदेश के बदायूं में दो बच्चों की हुई निर्मम हत्या के मामले को लेकर हर व्यक्ति सोचने पर मजबूर हुआ है। राज्य की कानून व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव लाने के दावे के बावजमद भी वहां अपराध की तस्वीर इतनी परेशान करने वाली है। कई अपराधों की प्रकृति को देखते हुए ऐसा लगता है मानो अपराधी के भीतर कानून-व्यवस्था या पुलिस का कोई खौफ नहीं था और वारदात को अंजाम देने में उसे कोई बाधा पेश नहीं आई। खबरों के मुताबिक, मंगलवार की शाम को बदायूं में दो युवक पड़ोस के ही एक परिचित के घर में पैसे मांगने का बहाना बना कर घुसे और तीन बच्चों पर चाकू से हमला किया। दो बच्चों की हत्या कर दी गई, मगर तीसरा बच्चा किसी तरह वहां से भाग गया। फिर आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद वहां से फरार भी हो गए। हालांकि घटना के तूल पकड़ने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और मुख्य आरोपी एक मुठभेड़ में मारा गया और उसके दो रिश्तेदारों को भी पकड़ा गया है। सवाल है कि सोच-समझ कर इतनी वीभत्स वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपी के भीतर पुलिस और कानूनी कार्रवाई का ख्याल तक क्यों नहीं आया। अगर कानून व्यवस्था चौकस होती है तो उसका असर भी दिखता है और अपराधी अपनी मंशा पूरी करने से पहले हिचकते हैं। सिर्फ इतने भर से अपराध ों की तादाद में भारी कमी लाई जा सकती है। बदायूं में हत्या के बाद कार्रवाई करने को लेकर पुलिस जितनी चुस्त दिखी, उतनी सक्रियता आमतौर पर क्यों नहीं दिखती कि आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों के भीतर कोई डर बैठे? विचित्र है कि उत्तर प्रदेश में पिछले कई वर्षों से लगातार यह दावा किया जाता रहा है कि वहां हर स्तर पर अपराध के खिलाफ सबसे सख्त अभियान चलाया गया है और अपराधियों के हौसले पस्त हो गए हैं। जबकि हकीकत यह है कि राज्य में आए दिन होने वाले अपराध और उनकी प्रकृति सरकारी दावों को आईना दिखाते हैं कि वहां कानून-व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता का स्तर क्या है? करीब साढ़े तीन महीने पहले राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी ने अपनी रपट में बताया था कि हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे जघन्य अपराधों के मामले में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बेहद चिंताजनक है। खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में राज्य की स्थिति बेहद अफसोसनाक थी। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में हत्या की ज्यादातर घटनाओं का कारण आपसी विवाद था। इसका मतलब यह भी है कि एक ओर इस तरह के विवादों को शुरुआती स्तर पर निपटाने और उसे अपराध में तब्दील होने से रोकने के लिए राज्य के पास कोई तंत्र नहीं है। वहीं छोटी बातों पर हत्या तक कर डालने वालों के भीतर कानून-व्यवस्था या पुलिस का खौफ नहीं है। राज्य में सत्ता परिवर्तन में एक मुख्य मुद्दा बेलगाम अपराध था और उससे छुटकारा दिलाने के भरोसे पर ही आम लोगों ने भाजपा को राज सौंपा था। सरकार की ओर से राज्य में अपराध के खात्मे को लेकर जिस तरह के दावे किए जाते रहे हैं, उसके मुताबिक वहां अब तक आम लोगों को आपराधिक घटनाओं से राहत मिल चुकी होती।

# राज्य सभा सांसदों की 92 प्रतिशत सांसद निधि शेष

## अनिल बलूनी की 90 प्रतिशत, डा.कल्पना सैनी की 96 प्रतिशत तथा नरेश बंसल की 93 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकी खर्च

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के राज्यसभा सांसदों की 92 प्रतिशत सांसद निधि दिसम्बर 2023 तक खर्च नहीं हो सकी। उसमें से 65 प्रतिशत से अधिक की सांसद निधि भारत सरकार से जारी ही नहीं करा सके हैं। राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी सांसद निधि खर्च करने में राज्य सभा सांसदों में सबसे आगे तथा डॉ0 कल्पना सैनी सबसे पीछे रही हैं।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड के ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय से सांसद निधि खर्च सम्बन्धी सूचना मांगी थी जिसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/उपायुक्त (प्रशासन) हेमंती गुंजियाल द्वारा अपने पत्रांक 2623 के साथ सांसद निधि खर्च के दिसम्बर 2023 के विवरण उपलब्ध कराये गये है जिसमें दिसम्बर 2023 के अंत तक की उत्तराखंड के राज्य सभा सांसदों की सांसद निधि खर्च का विवरण दिया गया है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरणों के अनुसार उत्तराखंड के 3 राज्यसभा सांसद कुल 41.50 करोड़ की सांसद निधि प्राप्त करने के पात्र है लेकिन उन्हें पिछली सांसद निधि किस्त के खर्च सम्बन्धी प्रमाण, ऑडिट रिपोर्ट आदि प्राप्त न होने के कारण 27 करोड़ जो कुल सांसद निधि का 65 प्रतिशत है जारी ही नहीं हुई है जबकि भारत सरकार से प्राप्त 14.50 करोड़ की सांसद निधि में 44.69 लाख ब्याज जोड़कर कुल 41 करोड़ 94 लाख 69 हजार की सांसद निधि में से दिसम्बर 2023 तक केवल 3 करोड़ 7 लाख 40 हजार की सांसद निधि ही खर्च हो सकी। कुल 92 प्रतिशत से अधिक 38 करोड़ 87 लाख 29 हजार की सांसद निधि खर्च होने को शेष है। 31 दिसम्बर 2023 तक राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी की 22 करोड़ में से 5 करोड़, नरेश बंसल 12 करोड़ में से 2 करोड़, डा0 कल्पना सैनी सभी 7.5 करोड़ की सांसद निधि भारत सरकार से जारी हो चुकी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने भारत सरकार से जारी 500 लाख की सांसद निधि व उस पर 40.13 लाख ब्याज सहित कुल उपलब्ध 540.13 लाख से 142.98 लाख रूपये अधिक 683.10 लाख के प्रस्ताव तो स्वीकृत करा दिये है लेकिन इनके प्रस्तावों में से 467.36 लाख की धनराशि अवमुक्त नहीं हो सकी है, इनकी 11.75 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्थाओं पर भी शेष है। सांसद निधि खर्च होने को शेष कुल धनराशि 2036.13 लाख. (कुल की 90.89 प्रतिशत) है।नरेश बंसल ने भारत सरकार से जारी 2 करोड़ की सांसद निधि में से 173.47 लाख के प्रस्ताव ही स्वीकृत कराये हैं तथा 26.53 लाख स्वीकृति हेतु शेष है जबकि 14.25 लाख अवमुक्त होने को शेष है तथा 83.31 लाख कार्यदायी विभागों पर अवशेष है। कुल 1124.09 लाख (93.67 प्रतिशत) खर्च होने को शेष है।डॉ0 कल्पना सैनी को जारी 750 लाख व उस पर ब्याज 4.56 लाख सहित कुल उपलब्ध 754.56 लाख उपलब्ध सांसद निधि में से 310.04 लाख के प्रस्ताव ही स्वीकृत कराये हैं तथा 444.52 लाख प्रस्ताव स्वीकृति हेतु अवशेष है, जबकि 87.76 लाख अवमुक्त हेतु शेष है तथा 194.78 लाख कार्यदायी विभागों पर अवशेष है, कुल 727.06 लाख (96.36 प्रतिशत) खर्च हेतु शेष है।श्री नदीम को उपलब्ध राज्य सभा सांसदों के स्वीकृत कार्यों के विवरण के अनुसार अनिल बलूनी ने 31 दिसम्बर 23 तक 12 कार्य स्वीकृत किये है इसमें 10 पूर्ण हो चुके है, 1 प्रगति पर तथा 1 प्रारंभ भी नहीं हुआ है। जबकि नरेश बंसल ने 26 कार्य स्वीकृत किये हैं जिसमें से 6 पूर्ण हुये है, 4 प्रगति पर है तथा 16 प्रारंभ भी नहीं हुये हैं। डॉ0 कल्पना सैनी ने 32 कार्य स्वीकृत किये है जिसमें से कोई पूर्ण नहीं हुआ है जबकि 3 कार्य प्रगति पर है तथा 29 कार्य आरंभ भी नहीं हुये हैं। एस0सी0 तथा एस0टी0 कार्यों पर खर्च के विवरण के अनुसार अनिल बलूनी तथा डॉ0 कल्पना सैनी ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कार्यों पर कोई सांसद निधि खर्च नहीं की हैं जबकि नरेश बंसल द्वारा अनुसूचित जाति के कार्यों पर 6 लाख तथा अनुसूचित जनजाति के कार्यों पर 3 लाख की धनराशि खर्च विवरण में दर्शायी गयी है।

## वोट का महत्व

वोट का महत्व समझना होगा
सही उमीदवार को चुनना होगा
बड़े बुजुर्गो को भी समझाना होगा
वोट का महत्व उन्हें भी बताना होगा
इस बार उनसे भी वोट डलवाना होगा
हर मतदाता को वोट देना होगा
बेमानी को जड़ से मिटाना होगा
लोकतंत्र का समझना होगा
जागरूक होकर बदलाव लाना होगा
प्रात: उठकर वोट डालने जाना होगा
वोटर प्श्क साथ ले जाना होगा
सही प्रतिनिधि को जिताना होगा
देश की दुर्दशा को सुधारना होगा
विभिन्न पार्टियों में से एक चुनना होगा
कमल, झाड़ू ,हाथी ,हाथ आदि में से
एक को देश सौपना होगा
लोकतंत्र का हिस्सा बनना होगा
घर पर अब न बैठना होगा
वोट देकर बदलाव का साथी बनना होगा
वोट का महत्व समझना होगा , वोट का
महत्व समझना होगा।

**लेखक-हिमांशु टम्टा**

## कविता दिवस पर विशेष

मैं और मेरी कविताएं
कब जन्मी, कैसे रूप लिया अचंभित हूँ।
कविताएं मेरी सखी,
कविताएं मेरी भावनाओं का समंदर,
कभी जो हो जाऊँ व्यथित,
शब्द लेते है रूप असीमित,
कविताओं में होकर संगम
बुझा जाती है प्यास अकेलेपन की,
उठते मन में ज्वार भाटे से अनेक विचार,
होती सु:ख दु:ख से भरपूर,
जो पढ़ ले तो मुख पर ले आये मुस्कान,
कविताएं शब्दों का है संसार,
कल्पनाओ का अनंत सागर
कविताएं खुशियों का अम्बार
कविताऐ मेरे लिए.. मेरा दूजा परिवार
मेरी कविताएं मेरे ह्रदय का संताप
मेरी कविताएं मेरे जीवन का संचार....
कविताएं अल्फाजो का गहरा समंदर,
मोतियों सी निखरी,साहिल को मिलती
कविताएं अनंत प्रेम का अम्बार
कवितायें लेखक के मन का संचार,
मेरी कविताएं, सहज सरल स्वभाव सी,
गंगा सी निर्मल धारा बहती
मन को शीतलता देती
मेरी कविताएं......

**-निकेता पाहुजा, रुद्रपुर**

## जल संकट

हे मानव! जल संकट ने दस्तक दे दी,
चलो मिलकर हम इसे बचाएं सब।
'जल प्रहरी' बनकर फिर से धरा पर,
अविरल निर्मलपावन गंगा बहाएं सब।।
पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ता जाता,
सूख रहीं पोखर कुआं- नदियां सारी।
वर्षा जल निरंतर घटता जाता,
गिरता भूजल स्तर चिंता अति भारी।।
बारिश के पानी को संचित करें सब,
कुआं-पोखर- तालाब बना-बना।
शुद्ध पेयजल की नित वृद्धि करें सब,
अपार उत्कर्ष मिले फिर घना घना।।
जल का दोहन नित बढ़ता जाता,
जल दोहन को हम घटाएं सब।
हे मानव! जल संकट ने दस्तक दे दी,
चलो मिलकर हम इसे बचाएं सब।।

**प्रस्तुति: रविंद्र कुमार राणा**
**( प्रकृति प्रहरी )**

# कार्यकर्ताओं के त्याग से भाजपा तीसरी बार बनायेगी सरकार: त्रिवेंद्र

हरिद्वार। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत हरिद्वार और रुड़की में आयोजित पार्टी पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रतिभाग किया। बड़ी संख्या में वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम का जोरदार स्वागत किया। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र ने फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के संकल्प को सिद्धि तक पहुँचाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। हरिद्वार लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण और निष्ठा के बलवूते भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। कार्यकर्ताओं को कोई दिक्कत परेशानी होगी तो वह सबसे आगे होंगे, वे किसी से डरते नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प को दोहराते हुए सभी कार्यकर्ताओं को पूरे मनोभाव से चुनाव प्रचार में जुट जाने का आहवान किया। भाजपा प्रत्याशी त्रिवेन्द्र सिंह रावत बुधवार को ज्वालापुर के निजी बैंकट हॉल में भाजपा की जिला स्तरीय बैठक में पार्टी के लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा के हरिद्वार लोकसभा सीट से प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं में जोश भरकर कहा कि भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं के त्याग से बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वादा कर कहा कि मैं किसी से डरता नहीं हूं, किसी भी कार्यकर्ता को कोई दिक्कत होगी तो मैं आगे चलूंगा, कार्यकर्ता पीछे चलेंगे। त्रिवेंद्र ने लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एनडीए 400 पार का संकल्प दिलाया। कहा कि कांग्रेस प्रत्याशियों को ढूंढने के लिए भटक रही है। उन्होंने



कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा की भाजपा पार्टी सरकार में कार्यकर्ताओं के त्याग से पहुंची है, राष्ट्र का निर्माण करना है, तो त्याग करना पड़ेगा। कार्यकर्ता यह न सोचें की त्रिवेंद्र, मदन और सुरेश के गले में मालाएं डाली जाती है। भाजपा पार्टी में छोटे कार्यकर्ता को भी समय पर बड़ा पद मिल सकता है। इस बार भाजपा सभी रिकॉर्ड तोड देंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए कहा की धारा 370 हटाई गई, सीएए लागू किया गया। वहीं मुस्लिम महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की हलाला जलालत भरा था। हलाला से मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति आजादी दिलाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया, तीन तलाक समाप्त हुआ है। महिलाओं को शीर्ष स्थान पर पहुंचने का काम पीएम ने किया है। मुस्लिम महिलाओं को बराबरी का हक मिला है। कोरोना में सरकार ने काम किया है। चंद्रमा, समुद्र के नीचे और धरती के चारों तरफ पीएम के नेतृत्व में विकास दिख रहा है। संघ के प्रचारक के तौर पर कार्य करते हुए बिताए दिनों को त्रिवेंद्र सिंह रावत ने स्मरण करते हुए कहा कि एक दौर वह भी था जब लोग भाजपा का पर्चा भी हाथ में नहीं पकड़ते थे। घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, लेकिन वर्तमान में विभिन्न पार्टियों के नेता टूट कर भाजपा में शामिल हो रहे है। इस दौरान विधायक मदन कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष चौ. किरण उर्फ राजेंद्र सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, लव शर्मा, आशु चौधरी आदि नेताओं ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, आशु चौधरी लोकसभा विस्तारक राजेंद्र व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, मयंक गुप्ता, राकेश राजपूत, योगेश चौहान, देवी सिंह राणा, अनिल अरोड़ा,अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जिला संयोजक जयपाल सिंह चौहान ने किया।

# उत्तराखंड में भाजपा के खिलाफ चल रही परिवर्तन की लहर : गुनसोला

मसूरी। कांग्रेस पार्टी से टिहरी लोकसभा के प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला का मसूरी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर



जोत सिंह गुनसोला ने मसूरी के शहीद स्थल पहुंचकर राज्य आंदोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और अपनी जीत का दम भरा। मसूरी कांग्रेस भवन पर आयोजित सभा में जोत सिंह गुनसोला ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव के टिहरी लोकसभा सीट को जीत सके। पत्रकारों से वार्ता करते हुए जोत सिंह गुनसोला ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा के खिलाफ परिवर्तन की लहर है और इस बार देश में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकार बनने जा रही है उन्होंने कहा कि परिवर्तन स्वरूप टिहरी लोकसभा से कांग्रेस पार्टी भारी मतों से विजय होगी। उन्होंने कहा कि उनको जनता का अपार समर्थन मिल रहा है और उनका पूरा विश्वास है कि टिहरी लोकसभा से जनता कांग्रेस को वोट करके



उनको भारी मतों से विजय बनाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरीके से फेल साबित हुई है आज केंद्र की गलत नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर है ।मोदी सरकार द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं किए गए हैं आज भी देश में बेरोजगारी से नौजवानों का हाल बेहाल हैं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा देश का भ्रमण कर लोगों को मोदी सरकार की असफलताओं को बताने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर देश का विकास संभव है तो वह कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के हाथों में है और उन्हें पूरा विश्वास है कि 2024 में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को जनता समर्थन देकर भारी मतों से विजय बनाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में देखा गया है कि कई कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा को ज्वाइन किया है पर उससे कुछ होने वाला नहीं है क्योंकि कई नेता भाजपा पृष्ठभूमि से आए थे और वह वापस चले गए हैं उन्होंने कहा कि किसी के जाने या से नुकसान जरूर होता है परंतु उसकी भरपाई भी जनता द्वारा कर दी जाएगी। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन सिंह मल्ल, षहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता, दर्षन रावत, नंदलाल सोनकर, महिमानंद, भगवान सिंह धनाई, प्रताप पवार, सुनील पवार, अरविंद सोनकर, राजीव अग्रवाल, मासूम अली, विरेन्द्र कैन्तुरा, दिनेष पवार, कुलदीप रावत, रफीक गुरूजी, प्रेम सिंह रावत सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने कैंट विधानसभा क्षेत्र में जनपर्क किया। उन्होंने कहा कि सूर्यकांत धस्माना और सम्मानित कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जमावड़ा आगामी चुनावों के लिए पार्टी की अनुकरणीय पसंद जोत सिंह गुनसोला की उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारा सर्वोपरि उद्देश्य उसे हमारे समुदाय द्वारा साझा की गई आकांक्षाओं को साकार करने के लिए सशक्त बनाना है। आम लोगों की आवाज को बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ, हम अपने लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर परिवर्तनकारी बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे।

# पीठासीन और मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता, सुचारू व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सोबन सिंह जीना विवि0 परिसर के हॉल एवं उदय शंकर नृत्य अकादमी में प्रथम चरण प्रशिक्षण के प्रथम दिन पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम को मतदान एवं ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रीढ़ पीठासीन व मतदान अधिकारी होते है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन अति महत्वपूर्ण कार्य है। निर्वाचन प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी मतदान कार्मिक निष्पक्षतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सभी अधिकारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य है, सभी इसे बहुत गंभीरता से लें। सभी अपने अपने कार्यों को लेकर सभी प्रकार की





दुविधा को क्लियर कर लें। सभी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप ही कार्य करें। सभी को निष्पक्षता एवं मनोयोग से कार्यों को संपादित करना है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है, इस हेतु ईवीएम वीवीपैट के प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा रही है उनको भलीभांति सीख लें। प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को पूरी गंभीरता से लें तथा जो भी शंका हो उसका अवश्य समाधान कर लें, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आर्दश आचार संहिता का पूर्ण पालन करें तथा मतदान पार्टियां मतदेय स्थल तक पंहुचने की तत्काल सूचना सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को देंगे। उन्होंने सभी से यह भी अपील की है कि सभी अपने मत का प्रयोग जरूर करें, इसके लिए सभी मतदान कार्मिकों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट तथा संबंधित पोस्टल बैलेट उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉक पोल अनिवार्य रूप से कराना हैं व मॉक पोल कराकर निधारित समय पर मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा मतदान प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल अपने सेक्टर एवं जोनल के साथ ही कन्ट्रोल रूम व सहायक रिटर्निंग आफिसर को देंगे व प्रति दो घण्टें मतदान की सूचना भी अनिवार्य रूप से देगें। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम वीवीपैट मशीन को लाने व ले जाने में पूर्ण सावधानी बरती जाए। मतदाताओं के फोटो पहचान पत्र के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य अन्य दस्तावेजों का सावधानी से परीक्षण कर नामावलियों से मिलाकर मतदान कराएं। ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो। मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान हेतु सामग्री प्राप्त के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी /नोडल अधिकारी कार्मिक आकांक्षा कोंडे ने भी सभी कार्मिकों को कहा कि अपने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्पक्षता, तल्लीनता एवं सावधानी से करें।

## घर घर जाकर दिव्यांगजनों को वोट डालने के लिए किया प्रेरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता) बुधवार को स्वीप की टीम द्वारा ट्रांजिट कैंप/मुखर्जी नगर में घर घर जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम वृद्ध मतदाता , महिलाओं , दिव्यांगजनों को वोट डालने हेतु प्रेरित किया गया तथा मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लघु सिचाई (सेक्टर मेजिस्ट्रेट) सुशील कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी (सहायक नोडल स्वीप) व्योमा जैन, क्षेत्र के बीएलओ पारस, पिंकेश आदि उपस्थित थे।



## लेखपालों के कार्य बहिष्कार से प्रमाण पत्र आवेदक परेशान

सितारगंज(उद संवाददाता)। विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने आय, जाति और स्थाई प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाने का कार्य बंद कर दिया है। जिससे प्रमाण पत्र निर्गत कराने को लेकर आमजन भटक रहा है। भाजपा विधानसभा संयोजक ने एसडीएम को पत्र देकर प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए जनहित में वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। प्रमाण पत्र नहीं बनने से जरूरत मंद सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे है। राजस्व उप निरीक्षकों ने लेखपाल संघ के आह्वान पर 26 फरवरी को कंप्यूटर कक्ष के लिए दक्ष पीआरडी जवानों की मांग रखी थी। जिसके पास 7 मार्च से मांगे पूरी न होने पर लेखपाल संघ ने आय जाति स्थाई प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाना बंद कर दिया है। प्रमाण पत्रों पर कार्य बहिष्कार होने से आय जाति और स्थाई निर्गत करने के लिए आवेदक दर-दर भटक रहे हैं। भाजपा विधानसभा संयोजक मुशीर लारी ने एसडीएम को पत्र देकर कहा है कि प्रमाण पत्रों निर्गत नही होने से क्षेत्रीय जनता परेशान है। आय जाति और स्थाई प्रमाण पत्र नहीं बनने से बच्चों का राइट टू एजुकेशन के तहत प्रवेश नहीं हो पाएगा। इसके अलावा लेखपालों के कार्य बहिष्कार के कारण सरकारी नौकरी और शिक्षा संबंधित योजनाओं का आमजन लाभ नहीं ले पा रहा है। उन्होंने अफसर से आय जाति स्थाई प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

## प्रेमनाथ ठक्कर के निधन पर शोक व्यक्त किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेमनाथ ठक्कर के निधन पर उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड लोकतंत्र सेनानी सँघ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को सँघ परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा प्रेम जी का निधन रुद्रपुर नगर तथा सँघ परिवार के लिए ऐसी क्षति है जो कभी पूर्ण नहीं होगी और नगर को भी हमेशा उनकी कमी महसूस होगी। स्वर्गीय प्रेमनाथ ठक्कर धार्मिक पुस्तकों के व्यवसाय से जुड़े हुए थे और बहुत लंबे अरसे तक उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों की एजेंसियां चलाई । स्वर्गीय प्रेमनाथ ठक्कर के निधन पर रुद्रपुर पूर्वी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल , बिसात खाना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्राणनाथ ठक्कर, प्रेमकुमार ढल्ला, सुधीर कुमार ग्रोवर, भाजपा व्यापार मंडल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नरेश ग्रोवर, नरेंद्र कुमार गगनेजा, जिला उपभोक्ता फोरम की पूर्व सदस्य श्रीमती नीरु छाबड़ा, नरेंद्र दावड़ा, हरिश्चंद्र ठुकराल, इंद्रजीत डंग, पंकज गगनेजा, सुभाष नारंग , एडवोकेट कमल चिलाना, राजीव कुमार गगनेजा, सरदार मान सिंह ग्रोवर,लोकतंत्र सेनानी सुरेश पुंशी , नवीन चिलाना, नरेंद्र नरूला, एडवोकेट सरदार कृपाल सिंह, मनोहर लाल मिगलानी तथा व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश कुमार छाबड़ा समेत शहर के तमाम लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुःख जताया है।

## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ अभियान में पुलभट्टा पुलिस एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने 16 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजुनाथ टिसी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व मे गठित टीम ने सघन चेकिंग के दौरान ग्राम सतुइया बहेड़ी उत्तराखंड उत्तर प्रदेश बॉर्डर क्षेत्र से कृष्ण दास पुत्र नंद गोपाल दास निवासी ठाकुर नगर खेड़ा ट्रांजिट कैंप को 16 ग्राम अवैध स्मैक और मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया



## चीर बंधन के साथ खड़ी होली शुरू

कपकोट(उद संवाददाता)।चीर बंधन के साथ ही कपकोट में खड़ी होली के गीतों का गायन शुरु हो गया हैस होल्यारों ने पहले दिन अखाड़े में मस्ती भरी होली के गीतों का गायन किया। नगर पंचायत के शिवालय वार्ड के आणू मोहल्ला स्थित अखाड़े में पूरे विधि विधान से चीर बांधी गईस होली का शुभारंभ पारम्परिक मंत्रोचार के साथ पँ.अमित जोशी ने किया। होल्यारों ने गीतों की शुरुआत सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन.. .. गाकर कीस होल्यारों ने हरिया पीपल द्वार सोहे... रंग की गागरि सिर पर धरो है.....



समेत अनेक गीतों का गायन किया। वहां बसंत बल्लभ जोशी, रमेश जोशी, गणेश चंद्र उपाध्याय, कै. हरीश कपकोटी, चंद्र सिंह कपकोटी, गजेंद्र नवीन, महिमन, तारा कपकोटी, धीरेन्द्र जोशी, हरिओम जोशी, विनोद कपकोटी, तारा कपकोटी, जगदीश जोशी, अनिल जोशी, मनोज, हीरा बल्लभ जोशी और हीरा कपकोटी हरीश कपकोटी आदि थे।

## आबकारी विभाग ने 50 पेटी अवैध शराब पकड़ी

नैनीताल। लोकसभा चुनाव और होली को देखते आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर धारी तहसील के कटना नियर सुन्नी बैंड मुक्तेश्वर में अवैध रूप से संचालित मदिरा गोदाम से 50 पेटी अवैध शराब बरामद की। टीम ने आरोपी राम सिंह निवासी कटना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आबकारी विभाग ने बरामद शराब की कीमत 3.60 लाख रुपये बताई है। टीम ने गोदाम से कुल 50 पेटी शराब बरामद की है। जिसमें 26 बोतल, 96 अध्धा, 432 पव्वा विदेशी मार्का मैकडावल रम, 50 बोतल, 48 अध्धा, 480 पव्वा विदेशी शराब मैकडावल व्हिस्की, छह बोतल, 15 अध्धा और 41 पव्वा विदेशी शराब रायल स्टैग व्हिस्की के साथ 724 पव्वा देशी शराब मार्का पिकनिक बरामद की है। थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम में आबकारी निरीक्षक खजान शर्मा, आबकारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट, गणेश राणा, कैलाश जोशी, प्रदीप, संजय, आनंद सिंह, महेश लोहनी, गिरीश पांडे आदि शामिल रहे। इधर, भीमताल पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर आरोपी केशव दत्त पांडे से 250 पव्वे अंग्रेजी शराब अवैध रूप से बरामद की है।

## पेज एक का शेष...

**१५ वर्ष बाद एसओजी...**शव बिस्तर पर पड़ा पाया गया। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर बाजपुर पुलिस ने मृतक के चाचा सामंती सिंह पुत्र जयराम निवासी थापक नगला वीरपुरी बाजपुर की तहरीर के आधार पर सरवाली थाना करिंडगी, उत्तरी दिनाजपुर पश्चिम बंगाल निवासी राजू उर्फ राज उर्फ सुलेमान उर्फ जहीरूद्दीन पुत्र लोकमान अली के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए उसकी तलाश शुरू की लेकिन हत्याभियुक्त कानून की आंख में धूल झोंककर फरार हो गया। लंबे समय तक तलाश करने के बावजूद भी हत्याभियुक्त पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। वर्ष 2023 के अक्टूबर माह में फरार चल रहे हत्याभियुक्त को पुलिस तथा एसओजी की संयुक्त टीम ने घटना के लगभग 15 वर्ष बाद पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गई हत्याभियुक्त के दस्तावेजों में उसकी जन्म तिथि 1 जनवरी 1995 अंकित है। घटना के वक्त वह मात्र 13 वर्ष का नाबालिग था जबकि अब उसकी उम्र लगभग 28 वर्ष है और वह पूरी तरह बालिग है। गिरफ्तारी के बाद 2023 की 17 अक्टूबर को पुलिस द्वारा उसे बाजपुर के कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसके बाद यह प्रकरण जिला जज की अदालत में रुद्रपुर भेजा गया। जिला जज ने इस मामले की पत्रावली काशीपुर कोर्ट को भेज दी। आज एडीजे द्वितीय की अदालत में मामले की सुनवाई नियत है। बचाव पक्ष की अधिवक्ता श्रीमती सिंधु आकाश का कहना है कि घटना के वक्त चूंकि हत्याभियुक्त नाबालिग था इसलिए यह प्रकरण रुद्रपुर के किशोर न्याय बोर्ड में भेजा जाना तर्कसंगत है।

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अंजली भसीन (ANJALI BHASIN)था, अब मैंने अपना नाम बदलकर अंजली अरोरा (ANJALI ARORA) कर लिया है। भविष्य में मुझे अंजली अरोरा (ANJALI ARORA) पत्नी श्री सतीश कुमार (SATISH KUMAR) के नाम से जाना पहचाना जाए।

अंजली अरोरा पत्नी सतीश कुमार, निवासी - वार्ड नं0 09, हाथीखाना, सितारगंज जिला- उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**दुकान में आग ..**बूफर, 7 मरम्मत के आयें टीवी, करीब 70 बंडल कापर वायर, विद्युत फिटिंग का सामान, कई पानी की मोटरें आदि सामान जलकर राख हो गया। उसने अग्निकांड की इस घटना में लाखों रूपयें का नुकसान होना बताया है। उसका आरोप है कि यदि दमकल कर्मी समय से पहुंच जाते तो नुकसान कम हो सकता था। प्रातः मामले की जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा ने मौके पर पहुंचकर घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए सुरेन्द्र को शासन से उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

**बदायू कांड का दूसरा..**जो कुछ भी किया है, उसके बड़े भाई ने किया है। पुलिस जावेद से पूछताछ कर रही है। आरोपी जावेद की लगातार पुलिस तलाश कर रही थी। उसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगीं थीं। जावेद पर 25000 रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया था। आरोपी से पूछताछ के बाद ही हत्याकांड की वजह का खुलासा हो सकेगा।

**कांग्रेस नेता दिलीप ...** चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए भाजपा से त्यागपत्र देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। लेकिन उनका भाजपा नेता रहे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल से मोह भंग नहीं हुआ था। बीते दिनों श्री ठुकराल के प्रवक्ता रहे आशीष छावड़ा के भाजपा में शामिल होने के बाद ठुकराल के समर्थक अन्य कई लोगों के भाजपा में शामिल होने का कयास लगाया जा रहा था। आज दिलीप अधिकारी भी साथियों सहित भाजपा में शामिल हो गये। उनके साथ भाजपा में शामिल होने वालों में डा. एमपी मौर्य, रोबिन विश्वास, कृष्णपद विश्वास, बाबू सिंह आदि थे। इस दौरान विवेक सक्सेना, विकास शर्मा, नवीन ठाकुर, मयंक कक्कड़ आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

**सेना में नौकरी...**की हिम्मत नही जुटा पाता था। जिस पर प्रभारी निरीक्षक जौलजीवी द्वारा 16 दिसम्बर 2023 को अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में एक मुकदमा थाना जौलजीवी में दर्ज करवाया था। उत्तराखण्ड के कई और थानों में भी इस गैंग के सदस्यों के विरुद्ध ठगी व धोखाधड़ी के मुकदमें दर्ज हैं, तभी से अभियुक्त पंकज सिंह फरार चल रहा था। जिसपर टीम लगातार काम कर रही थी। बुधवार रात टीम को अभियुक्त के देहरादून में होने का महत्वपूर्ण इनपुट मिला जिसपर टीम ने दबिश देकर पंकज सिंह को थाना राजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। इस कार्यवाही में एसटीएफ अपर उप निरीक्षक प्रकाश भगत की अहम विशेष भूमिका रही। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजभूषण गुररानी, उपनिरीक्षक यादवेन्द्र बाजवा, उपनिरीक्षक विद्यादत्त जोशी, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी संजय, आरक्षी महेन्द्र नेगी, आरक्षी विजेन्द्र चौहान, आरक्षी मोहन असवाल, रियाज अख्तर, रविन्द्र बिष्ट, पिथौरागढ़ निरीक्षक संजीव कुमार, निरीक्षक प्रकाश चन्द्र जोशी, आरक्षी पूरन सिंह,आरक्षी जीवन सिंह आदि शामिल थे।






संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रामनगर में कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के चुनाव कार्यालय का किया शुभारम्भ

रामनगर(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ पूजा अर्चना के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया। उन्होंने कहा कि पार्टी हाई कमान द्वारा पौड़ी संसदीय क्षेत्र से गणेश गोदियाल को प्रत्याशी बनाया गया है उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर कांग्रेस और उसका एक-एक कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा में घबराहट हो गई है जिस कारण भाजपा के लोग कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा के पास कार्यकर्ताओं की संख्या शून्य हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कांग्रेस प्रत्याशी के यहां इनकम टैक्स का नोटिस देकर बेवजह परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक



रणजीत सिंह रावत ने कहा कि भाजपा के लोग चाहे कांग्रेस के लोगों को इनकम टैक्स का नोटिस भेजे या इडी की कार्रवाई कराये या पुलिस ओर मिलिट्री को पीछे लगे कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर 2024 का लोकसभा का चुनाव अपने आप में ऐतिहासिक होगा और उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों पर जहां एक और कांग्रेस के प्रत्याशियों की प्रचंड जीत होगी तो वही देश में भी जनता के सहयोग से कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# पुलिस ने स्विफ्ट कार में पकड़ी 600 लीटर कच्ची शराब

जसपुर (उद संवाददाता)। स्विफ्ट कार में अवैध कच्ची शराब ले जा रहे तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कार में 600 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। बता दें आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जसपुर क्षेत्र अंतर्गत पतरामपुर चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पतरामपुर जंगल की तरफ से एक स्विफ्ट डिजायर में एक व्यक्ति भारी मात्रा में कच्ची शराब लेकर जा रहा है जो भगवंतपुर होते हुये हाईवे पर निकलेगा। इस सूचना पर पुलिस टीम ने कार को पकड़ने के लिए मोर्चा संभाला। जंगल की तरफ से आ रही कार संख्या यूके 07एएक्स 8384 का चालक पुलिस को देख कर वापस जंगल की तरफ मोड़कर जाने लगा। पीछा करने पर कार का चालक कार को खघलीपार गुरुद्वारे से करीब 500 मीटर आगे जंगल की तरफ छोड़ कर खेतों मे



भागने लगा जिसको पीछा करके दबोच लिया गया। पकड़ी गयी कार में आठ ट्यूबों में भरी 600 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। कार चालक जसविंदर सिंह पुत्र मंगत सिंह निवासी भोगपुर डाम जसपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कोतवाल हरेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश पाण्डेय, उप निरीक्षक संदीप शर्मा, कांस्टेबल प्रशांत, जगदेव सिंह,सचिन कुमार, अनिल आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस ने विकसित किए रोजगार के अवसर : गौरव

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश को एक सकारात्मक और उन्नत भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए, हमें एक मजबूत और समर्थ सरकार की आवश्यकता है, जो केवल कांग्रेस पार्टी ही प्रदान कर सकती है। आपका समर्थन हमारे लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। युवाओं को ऐसी सरकार का चुनाव करना चाहिए जो मूलभूत सुविधाओं के साथ युवाओं के विकास के लिए कार्य करे व रोजगार प्रदान करे। देश में रोजगार हमेशा से हि कांग्रेस सरकार ने पैदा किये हैं। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ किच्छा विधानसभा के विभिन्न गाँवों में क्षेत्रवासियों से जनसंपर्क किया व लोगों की समस्याओं को सुना तथा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान गौरव बेहड़ ने कांग्रेस की नीतियों से जन-जन को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने दोपहरिया, अंजनिया, पन्तपुरा,पटेरी,पुरानी गिद्धपुरी व वीरू



नगला में नुक्कड़ सभाओं के मध्यम से लोगों से संपर्क किया तथा क्षेत्रवासियों की समस्याओं को भी सुना। इस दौरान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,कांग्रेस निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,मेजर सिंह,विनोद पन्त,ओम प्रकाश गंगवार,गुलशन सिन्धी,धर्मेन्द्र सिन्धी,दानिश मलिक,भानु सिन्धी,रजत गंगवार,पंकज गंगवार,सुखविंद्र सिँह, साहब सिँह,सीमा रघुवंशी, गुलाब राय, जसवंत गैंगवार, चंद्र प्रकाश गैंगवार,श्रीपाल गंगवार,प्रेमराज ,राजवीर,विक्की कुमार, कमल, राजू, शुभम,मंजीत सिँह, सुन्दर लाल, नेतराम, अंग्रेज, सुखदेव सिँह, दलीप सिँह, निशान सिँह आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा परिषद सचिव को शिक्षकों ने बताई समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजकीय शिक्षक संघ जनपद कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष डॉ विवेक पाण्डेय के नेतृत्व में शिष्ट मंडल ने रामनगर में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव श्रीमती नीता तिवारी एवं विनोद कुमार सिमल्टी से शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु वार्ता की। सचिव ने राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों को सभी समस्याओं के समाधान हेतु आस्वस्त किया। वार्ता में जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडे ने बताया कि गर्मी को देखते हुए सचिव से मूल्यांकन केंद्र के समय को उपनियंत्रकों को अपने अनुसार आगे पीछे किए जाने का अनुरोध किया। जिला मंत्री श्रीमती नमिता पाठक ने पाठ्यक्रम में बाहर से आए प्रश्नों पर श्बोनस अंकश को प्रमुखता से उठाया। राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल ने परिषदीय परीक्षा व



मूल्यांकन से संबंधित सभी प्रकार के पारिश्रमिकों को बढ़ाये जाने की मांग करते हुए कहा कि कई वर्षों से पुराने पारिश्रमिक चले आ रहे हैं, जिन्हें अब बढ़ाया जाना चाहिए।बीबोर्ड सचिव ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। वार्ता में संरक्षक रेखा धनिक, संयुक्त मंत्री त्रिलोक बृजवासी, रश्मि पांडे, संगठन मंत्री गिरीश काण्डपाल, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर संजीव कुमार, ब्लॉक मंत्री अनिल कड़ाकोटी, डॉ. नंदन बिष्ट व शैलेंद्र जोशी आदि भी उपस्थित रहे।

# नेत्रदान कर अमर हुए प्रेमनाथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निधन के बाद व्यापारी प्रेम ठक्कर की आंखें दो लोंगो को रोशनी देकर अमर हो गई। आवास विकास निवासी प्रताप मार्केट



स्थित प्रेम पुस्तक भंडार के स्वामी 70 वर्षीय प्रेम ठक्कर का गुरूवार प्रात: निधन हो गया था। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान करवाने के लिए परिजनों ने मुरादाबाद निवासी डा. सीएल गुप्ता से सम्पर्क किया। जिसके बाद टीम ने उनके आवास पहुंची और नेत्र दान की प्रक्रिया को पूर्ण कर इस जनहित कार्य के लिए परिजनों को आभार व्यक्त किया। इस दौरान विमला ठक्कर, केशव ठक्कर, राजीव ठक्कर, नरेश ग्रोवर आदि मौजूद थे।

# लाइब्रेरी की सुरक्षा को लेकर एसडीएम को दिया पत्र

सितारगंज(उद संवाददाता)। शिक्षक कॉलोनी के पास निर्मित लाइब्रेरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रधानाचार्य ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें आरोप लगाया कि लाइब्रेरी का संचालन सुचारू रूप से नहीं होने के कारण चोरी की वारदातें बढ़ गई हैं। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने एसडीएम को दिए पत्र में कहा है कि विद्यालय प्रांगण में सामुदायिक पुस्तकालय निर्मित है जिसका सुचारू रूप से संचालन नहीं हो सका है इस कारण सामुदायिक पुस्तकालय में अज्ञात लोग चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने लाइब्रेरी की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी और लाइब्रेरियन को तैनात करने की मांग की है।

# कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी पुलिस में नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में अवैध कच्ची शराब के एक और तस्कर को गश्त के दौरान दबोचकर उसके कब्जे से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में जानकारी मिली है कि कुंडेश्वरी चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान पुलिस ने ग्राम गांधीनगर कुंडेश्वरी निवासी बाज सिंह पुत्र जीत सिंह को उपरोक्त गांव में संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसकी कब्जे से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

